हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

13 शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंशों का...

14 टूटी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मारौत के...


## खबर संक्षेप

### सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप कल से

झज्जर। बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में वीरवार को सब जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। बाक्सिंग कोच नवीन नेहरा ने बताया कि सुबह आठ बजे से नौ बजे तक खिलाड़ियों का वजन मापा जाएगा। इसके बाद ग्यारह बजे से प्रतियोगिता शुरू होगी। प्रतियोगिता की अध्यक्षता बॉक्सिंग एसोसिएशन के जिला प्रधान सोमवीर अहलावत करेंगे। विभिन्न भार वर्गों में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को अपने मूल दस्तावेज तथा उनकी फोटोकॉपी साथ लानी होगी।

### गांजे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सूचना मिली थी कि शंकर गार्डन का निवासी नवीन मादक पदार्थ की तस्करी करता है। उसे बराही फाटक के पास से पकड़ा गया है। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से 211 ग्राम गांजा पाया गया।

### कचरे के ढेर में मिले नवजात को रेवाड़ी भेजा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में कचरे के ढेर में मिले नवजात शिशु को सीडब्ल्यूसी रेवाड़ी भेज दिया गया है। अब, वहीं बच्चे की परवरिश व गोद लेने संबंधित प्रक्रिया शुरू होगी। दरअसल, गत 28 जून की सुबह लाइनपार में एक प्लॉट में नवजात शिशु पाया गया था। जन्म के तुरंत बाद उसे कचरे के ढेर में फेंका गया था। वह बिलख रहा था तो किसी की नजर उस पर पड़ गई। इसके बाद उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हो जाने के चलते अब स्वास्थ्य विभाग व पुलिस की ओर से उसे सीडब्ल्यूसी रेवाड़ी भेज दिया गया है।

### गांव सिलोठी में करंट लगने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव सिलोठी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 18 वर्षीय इशान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, इशान सोमवार को घर में काम करते वक्त करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने देखा तो संभाला और अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंगलवार को परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## निको नैनो बबल इंडिया कंपनी ने पायलट प्रोजेक्ट के सैंपल लिए

# नैनो बबल तकनीक को परखने पहुंचे चार विभागों के अफसर

**रिपोर्ट के आधार पर सरकार प्रोजेक्ट पर निर्णय लेगी**

■ सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

निको नैनो बबल इंडिया कंपनी द्वारा मुंगेशपुर ड्रेन को साफ करने के लिए बहादुरगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। मंगलवार को चार सरकारी विभागों के अधिकारी नैनो बबल तकनीक का इस्तेमाल देखने पहुंचे। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने दूषित जल और साफ हुए पानी के सैंपल भी संग्रहित किए।

ये सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे और इनकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार इस प्रोजेक्ट के भविष्य पर निर्णय लेगी। मंगलवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा, एसडीओ अमित कटारिया, सिंचाई विभाग के एसडीओ नवीन कुमार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जेई विकास देशवाल और जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसडीई नितिन कुमार मुंगेशपुर ड्रेन पर पहुंचे। बहादुरगढ़ के सेक्टर-4बी में स्थित निको नैनो बबल इंडिया कंपनी ने नई तकनीक का यहां प्रयोग किया है। इस नैनो बबल तकनीक का प्राथमिक लक्ष्य पानी को साफ करना है। इस तकनीक में 200 नैनोमीटर से छोटे बुलबुले पानी में ऑक्सीजन मिलाकर उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। ये बुलबुले पानी में घुलने वाली अशुद्धियों को तोड़ने, बदबू हटाने और एल्गी के विकास को रोकने में कारगर होते हैं। यह परियोजना दिल्ली के चिड़िया घर में इस्तेमाल की जा चुकी है। वहां पानी की गुणवत्ता सुधरने के साथ ही जलीय प्राणियों का स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ है। कंपनी के चेयरमैन एमडी अमित कपूर और वाइस प्रेसिडेंट अमीता नेहरा ने बताया कि देश में पहली बार ड्रेन में पानी की गुणवत्ता सुधारने के लिए नैनो बबल तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) के पार्ट बी में ड्रेन किनारे प्रोजेक्ट की मशीनें लगाई गई हैं।


बहादुरगढ़। शहर के बाइपास के साथ से गुजर रही मुंगेशपुर ड्रेन।

### 200 नैनोमीटर से छोटे बुलबुले पानी में ऑक्सीजन मिलाकर गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं: जसप्रीत सिंह


बहादुरगढ़। शैलेंद्र अरोड़ा को साफ हुआ पानी दिखाते जसप्रीत सिंह।

कंपनी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रमुख जसप्रीत सिंह ने बताया कि नैनो बबल तकनीक में 200 नैनोमीटर से छोटे बुलबुले पानी में ऑक्सीजन मिलाकर उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। यह एल्गी पर रोक लगाती है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को तकनीक के इस्तेमाल के बाद साफ और पारदर्शी बना पानी दिखाया। एचएसपीसीबी के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि सभी महकमों के प्रतिनिधियों ने ड्रेन में आ रहे पानी के सैंपल लिए और फिर तकनीक के इस्तेमाल बाद पानी के सैंपल लिए हैं। सभी विभाग अपनी प्रयोगशालाओं में नमूनों को जांच के लिए भेजे जाएंगे। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी।


झज्जर। हल्की बारिश के बीच सड़कों से गुजरते हुए वाहन।

## बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

■ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को एक बार फिर दिनभर रूक रूक कर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होती रही। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, बारिश के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुए जलभराव के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ा।

दिनभर दुकानदार अपनी दुकानों में ग्राहकों का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। विभागीय आंकड़ों के अनुसार सोमवार रात आठ बजे से मंगलवार सुबह आठ बजे तक झज्जर में तीन एमएम, बेरी में दो एमएम, मातनहेल में 22 एमएम और साल्हावास क्षेत्र में तीन एमएम बारिश दर्ज की गई है।

## हिसार में प्राइवेट स्कूल प्रिंसिपल की हत्या का विरोध

# आज बंद रहेंगे निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हिसार में प्राइवेट स्कूल प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में प्रदेश भर के प्राइवेट स्कूलों को बुधवार को बंद रखने का आह्वान किया गया है। झज्जर जिले के सभी प्राइवेट स्कूल भी बंद रहेंगे। जिलेभर में करीब 250 प्राइवेट स्कूलों में हड़ताल रहेगी। यह जानकारी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से जारी की गई है। बच्चों के अभिभावकों के पास भी इस संबंध में स्कूलों की ओर से मैसेज भेजे जा रहे हैं। बुधवार को निजी स्कूल संचालक डीसी को ज्ञापन पत्र भी सौंपेंगे।

### लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित होंगे तथा डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे

**झज्जर।** हिसार जिले के बांस गांव के निजी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य की हत्या किए जाने के विरोध में बुधवार को जिले के निजी स्कूल बंद रहेंगे। सहोदय स्कूल कॉपलेक्स के जिला प्रधान रमेश रोहिल्ला ने बताया कि प्राचार्य की हत्या उन्हीं के स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा की गई है जो निंदनीय है। इसके विरोध में जिले के सभी निजी स्कूल संचालकों द्वारा बुधवार को स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्कूल सुरक्षा के लिए कानून बनाया जाए। वे अपनी इस मांग को लेकर सुबह ग्यारह बजे लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित होंगे तथा डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे।

# साथी अभियान के अंतर्गत बनाए जा रहे बच्चों के आधार

## विभिन्न गांवों में शिविर का आयोजन कर बनाए साठ से अधिक बच्चों के कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ सर्वे में जिले में 4337 बच्चें आधार कार्ड से वंचित मिले थे

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल के निर्देशानुसार जिले में साथी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों में शिविरों का आयोजन कर बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं।

पैरालीगल वॉलिटियर कर्मजीत छिल्लर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत मंगलवार को दूबलधन किरमाण, रिवाड़ी खेड़ा, कुंजैया, अहरी, रोहद, आसौदा सिवान व बामडौली में साठ से अधिक बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए। उन्होंने बताया कि बुधवार को अकेहड़ी मदनपुर की जांगड़ा धर्मशाला, मुंडाखेड़ा व इस्माइलपुर के सरपंच कार्यालय, कबलाना में कालियापाना वाली चौपाल, गिजाडौद के शिव मंदिर, आंबोली की सामान्य चौपाल व परनाला गांव की दीनबंधु चौधरी छोटूराम चौपाल में शिविर का आयोजन कर बच्चों के आधार बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत उन बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिनके जन्म प्रमाण पत्र तो हैं लेकिन किसी कारण वे आधार कार्ड से वंचित रह गए हैं। कर्मजीत छिल्लर ने बताया कि डीएलएसए द्वारा सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान जिले में 4337 बच्चें आधार कार्ड से वंचित मिले थे।



झज्जर। रिवाड़ी खेड़ा में अपने बच्चों के आधार कार्ड बनवाते अभिभावक। फोटो: हरिभूमि

# एसडीएम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों का चयन भी अधिकारियों की हो जिम्मेदारी**

■ भागलपुरी चौक स्थित खेल स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

स्थानीय भागलपुरी चौक स्थित खेल स्टेडियम में आगामी 15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। यह बात एसडीएम रेणुका नांदल ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कही।

उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, बैठने की व्यवस्था, मंच की सजावट, शौचालय व्यवस्था, एंबुलेंस, पेयजल आदि व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों के चयन के लिए भी अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाते हुए कहा कि इस बात का भी पूरा ख्याल रखा जाए कि सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सामाजिक उपदेश, राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हों।



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो: हरिभूमि

## चलती गाड़ी में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान


**झज्जर।** मंगलवार दोपहर बाद झज्जर रोहतक मार्ग पर गांव दुजाना फ्लाईओवर पर एक चलती गाड़ी में एकाएक आग लग गई। आग लगने का पता चलने पर चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल विभाग कर्मी बिजेंद्र डागर ने बताया कि कुलदीप पुत्र नफे सिंह निवासी ओमेक्स सिटी रोहतक, मंगलवार को रोहतक से झज्जर अपनी गाड़ी में आ रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते गांव दुजाना के नजदीक गाड़ी में अचानक आग लग गई। गणीमत यह रही आग लगने पर चालक बाहर निकल आया और जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

## कृषि अधिकारियों ने किसानों को किया आगाह

# किसानों को ठगने का प्रयास कर रहे साइबर अपराधी



बहादुरगढ़। किसानों को ठगने के लिए भेजा जा रहा एप्लीकेशन का लिंक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे

देशभर के किसान इन दिनों प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह किश्त इस सप्ताह के अंत तक किसानों के खातों में आने की उम्मीद है लेकिन किसानों के इस इंतजार का फायदा साइबर ठग उठाने के प्रयास में हैं। साइबर ठग द्वारा किसानों और आम नागरिकों के मोबाइल नंबरों पर एक फर्जी मैसेज भेजे जा रहे हैं। इस मैसेज में दावा किया जाता है कि यदि आप पीएम किसान योजना के तहत अगली किश्त लेना चाहते हैं तो एक विशेष एप्लीकेशन डाउनलोड करें। मैसेज में एपीके फाइल दी गई होती है, जिस पर क्लिक करते ही फोन में एक संदिग्ध एप्लीकेशन इंस्टॉल हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे ही कोई व्यक्ति इस एप को डाउनलोड करता है, उसके फोन का नियंत्रण शातिर ठगों के पास चला जाता है। इसके जरिए ठग मोबाइल में मौजूद बैंकिंग एप्स, पासवर्ड, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारियों को हासिल कर लेते हैं। फिर आसानी से खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं।

### किसी भी तरह का एप डाउनलोड न करें


बहादुरगढ़। डॉ. सुनील कौशिक।

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने किसानों को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली किश्त सरकार सीधे लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर करती है। इसके लिए किसी भी तरह का एप डाउनलोड करने या शुल्क देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान किसी भी तरह की जानकारी के लिए सिर्फ पीएम किसान योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर ही जाएं। डॉ. कौशिक ने किसानों को आगाह करते हुए कहा कि कोई भी लिंक, एप या वेबसाइट जो आधिकारिक नहीं है, उस पर अपनी निजी जानकारी, बैंक खाता नंबर, आधार कार्ड नंबर या ओटीपी साझा न करें। इससे आपका खाता खाली हो सकता है। किसी भी संदेह की स्थिति में नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय में संपर्क करें।

# सड़क हादसे में मध्यप्रदेश के मिस्त्री की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ किसी वाहन की चपेट में आने से गंभीर चोट आई

मध्य प्रदेश मूल के एक व्यक्ति की बहादुरगढ़ में मौत हो गई। वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

मृतक की पहचान करीब 48 वर्षीय प्रीतम लोधी के रूप में हुई है। प्रीतम मूलतः मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से था। पिछले कुछ समय से यहां बहादुरगढ़ के पटेल नगर में रह रहा था। पेशे से चिनाई मिस्त्री था। गत 13 जुलाई की रात वह कहीं से आ रहा था। जब सेक्टर 2 व मामन विहार के बीच वाले रोड पर पहुंचा तो किसी वाहन की चपेट में आ गया। उसे गंभीर चोट आई। किसी की नजर पड़ी तो उसे संभाला गया और अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रीतम के परिजनों को मामले की सूचना दी गई।

### अज्ञात वाहन चालक पर केस

इसके बाद मध्य प्रदेश से परिजन यहां आए तो उनके बयान लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। प्रीतम चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। बड़े भाई प्रभुदयाल लोधी के बयान पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ




इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।


# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### कीर्तन में किया शिव महिमा का गुणगान

बहादुरगढ़। शहर की इमली वाली गली स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। महिलाओं ने कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए कहा कि भगवान शिव सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले भक्तों के सभी संकट दूर करते हैं। साथ ही भक्तों के घर में सुख व समृद्धि के भंडार भर देते हैं।

- भगवान शिव भक्तों के सभी संकट दूर करते हैं

### फसलों का बीमा करवाने की अंतित तिथि 31 जुलाई

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले के किसानों से खरीफ 2025 फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस योजना के तहत किसानों को न्यूनतम प्रीमियम पर अपनी फसलें बीमित करने का अवसर मिल रहा है। फसल बीमा योजना 1 जुलाई से लागू हो चुकी है व 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। इसे हरियाणा सरकार द्वारा अधिकृत बीमा कंपनी के माध्यम से क्रियावित किया जा रहा है।

## प्रशासन के पास इन्हें पकड़ने का कोई प्लान नहीं

# शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंशों का कब्जा दुर्घटनाओं से भी प्रशासन नहीं ले रहा कोई सबक





झज्जर। शहरी क्षेत्र में सड़क पर खड़े बेसहारा गोवंश, शहर के अंबेडकर चौक के नजदीक सड़क के बीचों बीच खड़े बेसहारा गोवंश। फोटो :हरिभूमि

- दिनों दिन बढ़ रही बेसहारा गोवंशों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंशों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। शहर की ऐसी कोई गली, मोहल्ला, चौक चौराहा नहीं बचा है, जहां बेसहारा गोवंश दिखाई नहीं देता हो। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार इन बेसहारा गोवंशों के कारण जान माल का भी नुकसान हो चुका है। उसके बावजूद संबंधित इकाई की ओर से इन्हें पकड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिसके कारण आमजन में प्रशासन के प्रति रोष भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि लगता है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे के होने का इंतजार है। प्रशासन के पास इन बेसहारा गोवंशों को पकड़ने का कोई प्लान नहीं है। जिसका परिणाम है कि दिन प्रतिदिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। दिनभर ये बेसहारा गौवंश शहर की सड़कों, बाजारों, गली मोहल्लों में घूमते रहते है। लेकिन रात के समय ये बेसहारा पशु सड़कों के बीचों-बीच अपना डेरा जमा लेते हैं। किसी स्थान पर सड़कों के बीचों-बीच बैठ जाना तो किसी स्थान पर खड़े रहते है। जिसके चलते दुर्घटना होने की अंदेशा बना रहता है। सड़क के बीचों-बीच बैठे इन पशुओं को बचाने के चक्कर में कई दफा हादसे भी हो चुके है। इसके अलावा सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों और दुकानों के बाहर रखे सामान को नुकसान पहुंचा रहे है, वहीं लोगों को भी चोटिल कर रहे है। बुजुर्गो और बच्चों को तो अकेले घर से बाहर निकलने में भी डर लगता है।

#### बेसहारा गोवंशों को पकड़ने की कर रहे व्यवस्था

नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए गोशाला संचालकों से बातचीत की गई है। जल्द ही उनके साथ बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी और बेसहारा गोवंशों को गोशालाओं में भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

### केएमपी पर दो ट्रकों की टक्कर में दो की मौत तीन घायल

बहादुरगढ़। गांव लगरपुर के पास केएमपी पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दो ट्रकों की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की जान चली गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। हादसा सोमवार को हुआ था। केएमपी पर एक नागालैंड नंबर के ट्रक में खराबी आ गई थी। इसलिए सड़क किनारे खड़ा कर उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान पीछे से यूपी नंबर का एक ट्रक आया और उससे टकराकर डिवाइडर से जा भिड़ा। इस हादसे में यूपी नंबर ट्रक के चालक आजाद मोहम्मद निवासी हरदोई यूपी की मौके पर मौत हो गई, जबकि इसी ट्रक पर कार्यरत दूसरा चालक शिशुपाल निवासी हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे झज्जर के अस्पताल में ले जाया गया। जबकि आजाद मोहम्मद का शव बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल में रखवाया गया। वहीं, नागालैंड नंबर वाले ट्रक की मरम्मत में जुटे तीन लोग भी बुरी तरह से घायल हुए। इनमें से एक सुधीर को गुरुग्राम में भर्ती कराया गया था। उसने मंगलवार की दोपहर को दम तोड़ दिया। मामले में बादली पुलिस को काफी भागदौड़ करनी पड़ी। एक टीम ने बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में आजाद मोहम्मद के शव का पोस्टमार्टम कराया तो दूसरी टीम गुरुग्राम में सुधीर के पोस्टमार्टम की कार्रवाई करने पहुंची। इस संबंध में फिलहाल घायल शिशुपाल के बयान पर नागालैंड नंबर के ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया।




झज्जर। महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण सरंक्षण का संदेश

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में राष्ट्रीय सेवा योजना व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक दिवसीय वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए कहा कि पर्यावरण सुरक्षा हमारा नैतिक कर्त्तव्य है। पर्यावरण सुरक्षित करने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बेरी इकाई द्वारा स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के माध्यम से क्लीन कैंपस-ग्रीन कैंपस का पोस्टर विमोचन किया गया। प्रांत संगठन मंत्री संजय ने स्वयंसेवियों को विद्यार्थी परिषद का इतिहास, कार्य पद्धति व पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में करीब पचास पौधे रोपित किए और नगर इकाई की घोषणा की। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सजनी देवी, डॉक्टर नरेंद्र दहिया, डॉक्टर रवि प्रकाश, नसीब सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नई ट्रांसफर नीति का बिजलीकर्मियों ने किया विरोध

- भविष्य की रणनीति के लिए सभी पदाधिकारियों से सुझाव मांगे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नई ट्रांसफर नीति पर विमर्श करते बिजलीकर्मी।

ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की यूनिट कार्यकारिणी की मीटिंग मंगलवार को बहादुरगढ़ में यूनिट प्रधान उमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन राकेश कुमार ने किया। मीटिंग में आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर नीति को जबरन कर्मचारियों पर थोपने का विरोध किया गया। भविष्य की रणनीति के लिए सभी पदाधिकारियों से सुझाव मांगे गए। बैठक में 9 जुलाई को हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल की समीक्षा की गईं। केंद्रीय कमेटी के सदस्य मुख्य वक्ता रविंद्र दलाल ने बताया कि आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर नीति लागू होने से बिजली विभाग के टेक्निकल कर्मचारियों का एक्सीडेंटल रेशो बढ़ने के साथ विभाग में नए कर्मचारी के लिए पुराने डिफॉल्टर की पहचान कर पाना बड़ा ही मुश्किल हो जाएगा। इससे विभाग को वित्तीय हानि होना संभव है। कर्मचारियों की कार्यशैली भी प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि विभाग मॉडल ऑनलाइन स्थानांतरण नीति 29 जुलाई लागू करेगा। उसी दिन प्रदेशभर की सभी सब यूनिटों पर नई नीति की प्रतियां जलाकर जोरदार विरोध दर्ज किया जाएगा। फिर 5 अगस्त को यूनिट इकाइयों पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्य सचिव, बिजली मंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। मीटिंग में कृष्ण एसएसए, कुलवंत, बिजेंद्र सैनी, प्रदीप जेई, कैशियर जोगेंद्र, राकेश सोलंकी, संदीप प्रधान, सुनील नेहरा, सीनू सिंह, हरीश, रवि, ललित, संजीव व ललित आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश के विकास में अग्रवाल वैश्य समाज का अहम योगदान



बहादुरगढ़। डॉ. पंकज जैन को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की हरिद्वार में हुई प्रदेश कार्य समिति की बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि समाज में अग्रवाल वैश्य समाज का सदैव योगदान रहता है। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की तरक्की और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सांसद ब्रह्मचारी सतपाल महाराज के सानिध्य में हुई कार्य समिति बैठक में डॉ पंकज जैन ने भी समाज के विकास व उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, उत्तराखण्ड के विधायक प्रेम अग्रवाल, वैश्य समाज के प्रधान अशोक बुवानीवाला, नवीन गोयल, मुकेश बंसल, सुभाष तायल, पवन अग्रवाल, बलराम गुप्ता व सुशीला श्राफ ने भी शिरकत की। बैठक के दौरान डॉ पंकज जैन को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

## लंबित मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।

मंगलवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने लघु सचिवालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने की जबकि मंच संचालन जिला सचिव देवेंद्र यादव द्वारा किया गया। धरना प्रदर्शन में प्रदेश सचिव रामनिवास सैनी मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में रिटायर्ड कर्मचारी को आठवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाए प्रमुख है। केंद्र सरकार ने रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग लाभ न देने का बिल संसद में पेश किया गया है वे उसकी निंदा करते हुए बिल वापिस लेने की मांग करते हैं। इसके अलावा रिटायर्ड कर्मचारी की विधवा को एलटीसी, बेसिक-पे में 65 की आयु होने पर 10 प्रतिशत तथा 75 की आयु होने पर 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है। इसके बाद कर्मचारियों ने नायब तहसीलदार कीर्ति को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मास्टर बलबीर सिंह यादव, मास्टर फूलकुमार, रमेश जाखड़, जयपाल गुढ़ा, एसकेएस जिला प्रधान रामबीर, राजेंद्र दलाल, मास्टर राजबीर सिंह, नाहर सिंह, ओमप्रकाश, सतबीर सिंह, राजेंद्र जुलाना, चंद्रभान शर्मा, रणबीर दलाल, विष्णु जांगड़ा, जयवीर, राजबीर राहड़, रमेश फोगाट, रोहतास सिंह, रणवीर अहलावत, कृष्ण दुजाना, अफलातून जाखड़, दिलीप रावत, जगमाल यादव, मैनपाल यादव, जयप्रकाश गुप्ता, भूरे राम, अमर सिंह, सूरजवीर, सुरेश, सूरजभान शर्मा, महाबीर सिंह, धूप सिंह, देवेंद्र सहरावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। एनसीसी अचीवर्स अवार्ड प्राप्त करते हरिशंकर बहती। फोटो :हरिभूमि

### हरिशंकर बहती को मिला एनसीसी अचीवर्स अवार्ड

बहादुरगढ़। शहर के प्रख्यात उद्योगपति एवं यूनिस्टार फुटवियर के निदेशक हरि शंकर बहती को दिल्ली में एनसीसी एलुमनी क्लब द्वारा मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी अचीवर्स अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। दरअसल, एनसीसी एलुमनी क्लब के तत्वावधान में एनसीसी महानिदेशक सभागार दिल्ली कैंट में राष्ट्रीय कैडेट कोर के 77 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में देशभर के 22 पूर्व एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। एनसीसी एलुमनी क्लब के अध्यक्ष गिरीश निशाना ने बताया कि एनसीसी अचीवर्स अवार्ड-2025 के लिए इस बार कुल 838 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से जूरी कमेटी ने 22 नामों पर अपनी अंतिम मोहर लगाई थी। इसमें बहादुरगढ़ स्थित यूनिस्टार फुटवियर के निदेशक हरि शंकर बहती भी शामिल थे। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, ऑल इंडिया रेडियो की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल, अतिरिक्त महानिदेशक एयर वाइस मार्शल पीवीएस नारायणा, मेजर जनरल सुनीत मलिक आदि ने प्रदान किया है।

### नशे के प्रति जागरूक किया



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। उन्होंने कहा कि नशा समाज में गंभीर बुराई है। नशे के कारण आपराधिक वारदात और हादसे बढ़ते हैं। नशे करने वाले शख्स का पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसलिए इस बुराई से दूर रहना चाहिए। सतीश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को पूरा ध्यान केवल पढ़ाई और खेलकूद में केंद्रित रखना चाहिए। आपके माता-पिता को आपसे बहुत उम्मीद होती है। इसलिए उनकी उम्मीदों को धूमिल न होने दें। मन लगाकर पढ़ें और आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। नियम पालना को प्रेरित करते हुए शपथ भी दिलाई।

## इनेलो एससी सेल की जिला कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। शीला नफे सिंह राठी के साथ इनेलो एससी सैल के नवनियुक्त पदाधिकारी।

- नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया

इनेलो द्वारा पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूती देने के लिए कार्यकारिणी गठित की जा रही है। इसी कड़ी में इनेलो एससी प्रकोष्ठ के जिला झज्जर की कार्यकारिणी घोषित की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया। एससी सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सुखबीर सरोहा ने एससी सैल के प्रदेश प्रभारी वेद सिंह मुंडे, एससी सैल प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर पहलवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी, जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान व शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी से विचार विमर्श कर कार्यकारिणी की घोषणा की। रण सिंह तंवर को बहादुरगढ़, पूर्व पार्षद शशि कुमार को बहादुरगढ़ शहर, धर्मबीर दरोगा को झज्जर, कृष्ण को झज्जर शहर, दीपचंद कुतानी को बादली व प्रदीप भागलपुरी को बेरी के हलका अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। धर्म सिंह गोठवाल को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र वाल्मीकि, विनोद बहराणा, रिसाल झज्जर, मदनलाल लाडपुर, हंसराज ठेकेदार व सूबेदार दयानंद को उपाध्यक्ष बनाया गया। सुशील परनाला को प्रधान महासचिव, रामेश्वर बिरधाना, सुधीर लडरावन, मुकेश मुंडाखेड़ा, रवींद्र डावला, संदीप भागलपुरी को महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। प्रवीण मेहरा को संगठन सचिव और शिवकिशन तलाव, शिवचरण, सुरेश छुछकवास, महा सिंह मुकुंदपुर व सोनू झज्जर को सचिव बनाया गया। चांदराम कानोंदा को प्रचार सचिव व अजीत भदानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दीपक लडरावन, राज सिंह, मेद मेहरा, प्रताप सिंह कबलाना, राजेश जोंधी, नत्थूराम मलीलपुर, मुकेश लडायन व धर्मबीर को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।



### लौहारहेड़ी में हनुमान मंदिर की रखी नींव

बहादुरगढ़। गांव लौहारहेड़ी में स्थित श्री किशनदेव दुग्धाहारी महाराज के मंदिर प्रागंण में भगवान हनुमान जी के मंदिर की आधारशिला रखी गई। मंदिर कमेटी प्रधान धर्मवीर सिंह तहलान ने बताया कि गांव के मूल निवासी स्व. सेठ गंगासागर के वंश द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। मंदिर की नींव रखने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्तिक अस्पताल के निदेशक डॉ. विकास तहलान ने एक लाख 21 हजार का सहयोग किया। इस अवसर पर सेठ गंगासागर के वंशज सेठ श्री कृष्ण व सेठ विष्णु सहित ग्रामीण सुनील पप्पू, धर्मवीर रेढू, सुरेंद्र तहलान, जगबीर, सिंहराम व रणधीर आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, ज्योति सांगवान पुत्री शमशेर सिंह निवासी क्वार्टर नंबर 7, स्टाफ कॉलोनी, नेहरू कॉलेज झज्जर बयान करती हूं कि मैने अपना नाम बदलकर ज्योति से ज्योति सांगवान रख लिया है। भविष्य में मुझे ज्योति सांगवान के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**ग्राम पंचायत शाहपुर मलिक**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर मलिक खंड बादली जिला झज्जर में एक जोहड़ को मछली पालन हेतु दिनांक 25/07/2025 को प्रातः 11:00 बजे राजीव गांधी सेवा केंद्र (ग्राम सचिवालय) शाहपुर में खुली बोली द्वारा मौके पर छोड़ा जाएगा। बोली की नियम शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। बोली की सिक्योरिटी राशि 10,000 रुपए होगी। सफल बोलीदाता को राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी। इच्छुक बोलीदाता निश्चित समय स्थान पर पहुंचकर खुली बोली में भाग ले सकते हैं।

ग्राम सचिव शाहपुर, मोबाइल: 7027067190

सरपंच मुकेश देवी ग्राम पंचायत शाहपुर खंड बादली, जिला झज्जर मोबाइल:- 9728111617

### कॉलेज की प्रबंधन समिति व स्टाफ ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी

# एमडीयू की स्पोर्ट्स कमेटी अध्यक्ष चुनी गई डॉ. राजवंती

- डॉ. राजवंती शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए एमडीयू के उपकुलपति प्रो. राजबीर सिंह लोहान का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। डॉ. राजवंती शर्मा का अभिनंदन करती प्रबंधन समिति व स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविधालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काउंसिल की अध्यक्ष व एग्जीक्यूटिव बोर्ड की पदेन अध्यक्ष चुना गया है। कॉलेज की प्रबंधन समिति व स्टाफ ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां सौंपी गई हैं। एमडीयू द्वारा उन्हें पहले भी एग्जीक्यूटिव काउंसिल, एकेडमिक काउंसिल कोर्ट आदि अनेक कमेटियों में भी सदस्य के रूप में चुना गया है। उन्होंने अपनी कर्मठता का परिचय देते हुए इन सभी जिम्मेवारियों को बखूबी निभाया है। डॉ. राजवंती शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए एमडीयू के उपकुलपति प्रो. राजबीर सिंह लोहान का आभार जताया। उन्होंने बताया कि प्रो. राजबीर सिंह के नेतृत्व में एमडीयू निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वे नई जिम्मेवारी का पूर्ण निष्ठा व लग्न से निर्वहन करेंगी। साथ ही उन्होंने स्पोर्टस डायरेक्टर प्रो. शकुंतला बेनीवाल का भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रेम बंसल, आशीष गुप्ता, यशपाल गांधी, पवन कुमार, राजपाल शर्मा, डॉ. शालू शर्मा, डॉ. नेहा दुल, डॉ. मंजीत, कविता, डॉ. भारती मिश्रा, स्वीटी, शिखा तिवारी, डॉ. कुसुम व प्रवेश दहिया आदि ने डॉ. राजवंती शर्मा को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप



### प्रदर्शन की तैयारियों पर किया मंथन

**झज्जर** । अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक मंगलवार को बिजली निगम कार्यालय प्रांगण में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन जिला सचिव नीरज ढुल द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 18 जुलाई को पंचकूला में होने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा की गई। कर्मचारियों ने प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 28 व 29 जून को प्रदेश कार्य समिति की बैठक बारे विस्तार से जानकारी दी।

### पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर शुरू हुआ पंजीकरण

**झज्जर** । डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि युवाओं के भविष्य और कुशलता विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवाओं को भारत की शीर्ष कंपनियों के साथ जोड़ने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना से युवाओं को 12 महीनों की इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा, जिसमें वे एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग सहित 25 से अधिक प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

### भंडारे में जाने के लिए घर से निकला व्यक्ति लापता

**झज्जर** । क्षेत्र के गांव सुबाना निवासी एक व्यक्ति ने अपने चाचा के लापता होने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में नरेश ने बताया कि उसका चाचा जयपाल बीती 14 जुलाई को समसपुर माजरा में आयोजित भंडारे में जाने की बात कह कर घर से निकला था जो वापिस नहीं लौटा। करीब 55 वर्षीय उसका चाचा जयपाल अविवाहित है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है।

दो घंटे तक झज्जर-छुछकवास वाया ग्वालिसन मार्ग बाधित रहा

# टूटी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मारौत के ग्रामीणों ने लगाया जाम

बीडीओ राजाराम द्वारा दिए गए शीघ्र सड़क निर्माण के आश्वासन के बाद खोला गया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर





**झज्जर।** जाम के दौरान एकत्रित पुलिसकर्मी एवं ग्रामीण। व झज्जर। ग्रामीणों के साथ टूटी हुई सड़क का जायजा लेते हुए बीडीओ। *फोटो : हरिभूमि*

मंगलवार को क्षेत्र के गांव मारौत के ग्रामीणों ने सड़क मार्ग निर्माण की मांग को लेकर झज्जर-छुछकवास मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक लगे जाम के कारण यातायात प्रभावित रहा और वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में जाम की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से जाम खुलवाने का आग्रह किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। इसके बाद बीडीओ राजाराम के आश्वासन पर ग्रामीणों द्वारा जाम खोला गया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर समय रहते उनके गांव की मुख्य सड़क का निर्माण नहीं किया तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। ग्राम सरपंच मांगेराम व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुनील पहलवान ने बताया कि उनके गांव तक जाने वाली मुख्य सड़क हालत जर्जर है। सड़क में जगह-जगह एक से दो फुट तक के गड्ढे बन चुके हैं जिस कारण राहगीरों को परेशानी आती है। बरसात के दिनों में सड़क की हालत दयनीय हो गई है। इन गड्ढों में पानी भरा होने के कारण वाहन चालकों के चोटिल होने खतरा बना रहता है। विद्यार्थियों को स्कूल व कॉलेज आने-जाने के लिए पैदल रास्ता पार करना कठिन हो जाता है। कई बार रास्ते से निकलते वाहन उन पर गंदे पानी की बौछार कर जाते हैं। सड़क पर रोड़ियां निकली हुई है। कई बाहर गाड़ी की टायर से उछलकर ये रोड़ियां बच्चों को नुकसान पहुंचा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले दो साल से प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। वे अपनी इस समस्या को समाधान शिविर में भी उठा चुके हैं।

जाम खुलने के बाद बीडीओ ने लिया टूटी सड़क का जायजा : ग्रामीणों द्वारा जाम खोले जाने के बाद बीडीओ राजाराम ने गांव की टूटी सड़क जायजा भी लिया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही सड़क निर्माण कराकर उनकी समस्या का समाधान करेंगे।



**बहादुरगढ़।** सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाते सिकंदर।

## ठप सीवर व्यवस्था से पार्षद भी परेशान शिकायत पर भी समाधान नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को शिकायत सौंपी

शहर के विभिन्न वार्डों में ब्लॉक सीवरेज व्यवस्था को लेकर पार्षद भी परेशान हैं। वार्ड नंबर-26 के पार्षद बलराम दलाल उर्फ मिंटू ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को शिकायत सौंपी है। जबकि वार्ड नंबर-31 की पार्षद के भाई सिकंदर ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कर समाधान की गुहार लगाई है।

वार्ड नंबर-26 के पार्षद बलराम दलाल उर्फ मिंटू ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वार्ड की सभी सीवर लाइनें ब्लॉक हैं। इनकी प्रॉपर तरीके से सफाई करवाई जाए। उनके अनुसार शक्ति नगर, आदर्श नगर, देव नगर व श्याम कॉलोनी के सीवर ओवरफ्लो होने के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। इस बारे में पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। यदि बरसात के इस मौसम में उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वार्ड वासी मजबूरन सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे।

वार्ड नंबर-31 की पार्षद सरिता के भाई सिकंदर ने सीएम विंडो पर शिकायत देते हुए बताया कि ठप पड़ी सीवरेज व्यवस्था के कारण स्थानीय निवासियों का जीना दुश्वार हो गया है। उन्होंने बताया कि बरसाती मौसम में ब्लॉक सीवरेज लाइन के कारण गंदा पानी लोगों के घरों में बैक मार रहा है। इस संबंध में कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की जा रही चुकी है। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले कार्य भी अनदेखी की जा रही है।

## मेंटेनेंस के कामों पर उठाए सवाल

■ नाले से ठीक-ठाक हालत का जाल उखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** नाले से उखाड़ा गया ठीक-ठाक हालत का जाल।


पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने आरोप लगाया कि नालों पर लगे लोहे के ठीक-ठाक जाल भी मेंटनेंस के नाम पर बदले जा रहे हैं। उनके अनुसार नगरपरिषद द्वारा हर वार्ड में मेंटेनेंस के लिए लगभग 15-15 लाख के टेंडर लगाए गए हैं। जिसके तहत टूटे जाल, नालियां व अन्य कार्य करवाए जाएंगे।

ऐसा काम करने से पहले और बाद के फोटो जरूर लिए जाने चाहिएं। ताकि सरकार द्वारा विकास कार्यों में खर्च की जाने वाली राशि का सदुपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार कर सरकारी पैसों का दुरूपयोग किया जा रहा है।

## सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद की जयंती मनाई

■ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** पंडित लख्मीचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नरेश कौशिक व अन्य।

लाइनपार स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला समिति द्वारा मंगलवार को सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद की जयंती मनाई गई। पंडित पवन दीक्षित ने हवन करवाया। इसके उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने बताया कि उनकी रचनाएं आज के युग में भी सार्थक हो रही हैं। उन्हें चारों वेदों का ज्ञान था। पालेराम शर्मा ने भी दादा लख्मीचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधान प्रवीण शर्मा, बलराम गौतम, महासचिव सतीश पाराशर, हरिओम हरितश, रमेश शर्मा, मंजीत पाराशर, मामन राम, बंटी पाराशर, धर्म सिंह, मूलचंद जोशी, रमेश कौशिक, श्रवण कौशिक, मास्टर रमेश, नरेंद्र शर्मा व बिल्लू पंडित आदि ने दादा लख्मीचंद को नमन किया।

## जॉब्स और मॉडल्स पर प्रदर्शनी



**झज्जर।** ट्रेनिंग पूर्ण करने पर मिले प्रशस्ति-पत्र दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा में विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में सोमानी सिरेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी प्रतिनिधि विनोद कुमार ने मुख्यातिथि जबकि अध्यक्षता संस्थान अधीक्षक राजकंवर अहलावत द्वारा की गई। कार्यक्रम में दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें से पहली प्रतियोगिता में विभिन्न व्यवसायों द्वारा तैयार की गई जॉब्स व मॉडल्स प्रदर्शित किए गए जबकि दूसरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्किल इंडिया विषय पर भाषण की प्रस्तुति दी।

जॉब्स व मॉडल्स प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राजकीय आईटीआई गुढ़ा की मैकेनिक मोटर व्हीकल व्यवसाय की टीम प्रथम, राजकीय आईटीआई मातनहेल की मशीनिस्ट व्यवसाय की टीम द्वितीय तथा राजकीय आईटीआई भापडौदा की वेल्डर व्यवसाय की टीम तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय आईटीआई गुढ़ा की स्वाति ने प्रथम, अंजीत ने द्वितीय तथा राजकीय आईटीआई बहादुरगढ़ की नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन देकर पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की युवा शक्ति जितनी कौशल होगी, राष्ट्र की तरक्की उतनी ज्यादा होगी।



**झज्जर।** प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए एसडीएम अंकित कुमार चौकसे।

## संविधान हत्या दिवस विषय पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ लघु सचिवालय में एक विशेष जन-जागरूकता प्रदर्शनी की शुरुआत

लोकतंत्र और संविधान की महत्ता को उजागर करने तथा आमजन को आपातकाल की लोकतंत्र विरोधी ऐतिहासिक घटनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से लघु सचिवालय में एक विशेष जन-जागरूकता प्रदर्शनी की शुरुआत की गई है। संविधान हत्या दिवस विषय पर आधारित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन एसडीएम अंकित कुमार चौकसे ने किया। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा है। ऐसी प्रदर्शनी युवाओं और नागरिकों को अपने संवैधानिक अधिकारों और दायित्वों के प्रति सजग बनाने में सहायक सिद्ध होती है। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, डीआईपीआरओ सतीश कुमार, डीआईओ अमित बंसल, अधीक्षक धर्मबीर गुलिया, एआईपीआरओ मनप्रीत सिंह, आईसीए रविंद्र सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### प्राइवेट प्ले स्कूलों का सरल पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

रिहायशी भवनों में चलाना मान्य नहीं

**झज्जर** । डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले में संचालित सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों को सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। केवल वही स्कूल मान्य माने जाएंगे जो विभाग द्वारा निर्धारित आवश्यक शर्तों को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए हर स्कूल का रजिस्ट्रेशन सरल पोर्टल पर होना आवश्यक है। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि किसी भी प्ले स्कूल को रिहायशी भवनों में चलाना मान्य नहीं है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक बीस बच्चों पर एक योग्य शिक्षक की नियुक्ति, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, स्वास्थ्य के मानकों की पूर्ति, आग बुझाने के उपकरण और अन्य सुरक्षा प्रबंध अनिवार्य हैं।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कार्रवाई करते हुए।

## बाकरा हेड से मिला विवाहिता का शव

■ मृतका की पहचान रोहतक के सुनारियां कलां निवासी खुशी के रूप में हुई

**झज्जर।** मंगलवार को बाकरा हेड से एक युवती का शव मिला है। कर्मचारियों ने जब शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतका की पहचान रोहतक जिले के सुनारियां कलां निवासी करीब 19 वर्षीया खुशी पुत्री जोगेंद्र के तौर पर हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि खुशी सोमवार की दोपहर घर से निकली थी जब वह वापिस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की जा रही थी। खुशी की शादी गुरुग्राम जिले के गांव ऊंचा माजरा निवासी सागर के साथ हुई थी। करीब एक माह पहले हुए एक सड़क हादसे में सागर की मौत हो गई। जिसके बाद खुशी मानसिक रूप से परेशान थी। मामले के जांच अधिकारी गोपाल दास ने बताया कि मृतका के पिता जोगेंद्र के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

**खुशी की तलाश में पहुंचे परिजन**

खुशी के लापता होने के बाद उसकी तलाश नहर में भी की जा रही थी। मंगलवार को भी परिजन उसकी तलाश में बाकरा हैड तक पहुंच गए थे। बाकरा हैड पर परिजनों द्वारा खुशी के शव की शिनाख्त की।




कैडेट्स की भर्ती का कार्य संपन्न

## एनसीसी में चुने गए हरदयाल के 49 छात्र

■ एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अमित शर्मा ने चयनित कैडेट्स को प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** एनसीसी के लिए चयनित हरदयाल स्कूल के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरदयाल पब्लिक स्कूल में सत्र 2025 के लिए एनसीसी कैडेट्स की भर्ती का कार्य संपन्न हुई। कुल 56 छात्रों में से 49 कैडेट्स का चयन किया गया। फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल कृष्ण सिंह बधवार, प्रशासनिक अधिकारी नायक सूबेदार मदनलाल, नायक सूबेदार संतोष सिंह और हवलदार अवनेश कुमार की देख-रेख में यह चयन पूर्ण हुआ। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अमित शर्मा ने चयनित कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। सभी कैडेट्स को इसके ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को स्वयं में आत्मसात करने की सीख दी। विद्यार्थियों की उपयुक्त आयु, मेडिकल फिटनेस, शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा और कैडेट्स बनने की प्रबल इच्छा के आधार पर चयन किया गया। प्रधानाचार्या अंशु यादव और सीटीओ सीमा ने चयनित बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## निलोठी गांव में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित



बहादुरगढ़। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते एडवोकेट रामकुमार दहिया।

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्वर्गीय चंद्रभान सिंह दहिया की 16वीं पुण्यतिथि पर हर साल की तरह उनके पुत्र एडवोकेट रामकुमार दहिया ने मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रधानाचार्य विजय सिंह खत्री ने विद्यार्थियों की उपलब्धियां के बारे में उन्हें अवगत करवाया। इस मौके पर ईश्वर दयाल शर्मा, उषा दहिया, आशीष, अनमोल और सेवानिवृत्त डीईओ दयानंद सिंह आंतिल आदि मौजूद रहे।